# दिनांक 05.05.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त–

दिनांक 05.05.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन फेज–2, फेज–3 व फेज–5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे–



1. मुख्य विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
3. श्री संजय कुमार जायसवाल, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।
4. श्री राजेश कुमार मिश्रा, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, सिद्धार्थनगर।
5. श्री अभिषेक यादव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 सिद्धार्थनगर।
6. समस्त सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।
7. समस्त जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।
8. श्री प्रकाश कुसुमा, ए0जी0एम0 मेघा इंजी0 एण्ड इंफ्रा0लि0, सिद्धार्थनगर।
9. श्री सुरेश चौधरी, प्रोजेक्ट मैनेजर, (जे0वी0), सिद्धार्थनगर।
10. श्री संजीव शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जैक्शन विश्वराज, (जे0वी0), सिद्धार्थनगर।

जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मो की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

- जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज–2 के अन्तर्गत कुल 459 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 176 डी0पी0आर0 के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 176 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है।
- कम्पोनेंट–वार प्रगति समीक्षा में पाया गया कि पम्प हाउस एवं ओवरहेड टैंक की प्रगति अत्यंत कम है। 212 स्वीकृत पम्प हाउस के सापेक्ष 183 पूर्ण हैं। इसी प्रकार 185 स्वीकृत ओवरहेड टैंक के सापेक्ष अभी तक 100 का कार्य पूर्ण है, एवं मात्र 40 टैंक से जलापूर्ति की जा रही है।
- अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को विगत डेढ़ वर्ष पूर्व से ही प्री–कास्ट ओवर हेड टैंक निर्माण हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। परंतु अभी तक 3 परियोजना (इमिलिया पेयजल योजना, वि०ख०–बढ़नी, भडेहर ग्रांट, वि०ख०–नौगढ़ एवं महुलानी, वि0ख0 खेसरहा) पर प्री–कास्ट ओवर हेड टैंक निर्माण कार्य किया गया है, इस पर परियोजना प्रबंधक, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा 121 परियोजनाओं पर जलापूर्ति प्रारंभ की गई। परंतु अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि स्थलीय निरीक्षण में अधिकतम परियोजनाओं पर नियमित जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत मिल रही है तथा ट्राइल/टेस्टिंग में होने वाले लीकेज के मरम्मत में विलम्ब किया जा रहा है, जिसकी शिकायतें IGRS / JJM Grievance Portal पर प्राप्त हो रही हैं।

➢ अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा समस्त जनपद के अधिशासी अभियंता एवं समस्त कार्यादायी एजेंसी की प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जा रही है। जिसमें धीमी प्रगति की वजह से मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० पर कुल 7 प्रतिशत Liquidated damages की पेनाल्टी लगाई गई है। परंतु इसके उपरांत भी कार्य गति में अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

➢ परियोजनाओं की कम्पोनेन्ट–वार प्रगति निम्नानुसार है–

| Sr. No | Component | UOM | Target | Progress | | | Progress % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed Total | Work in progress | Un started | Completed | Work in progress | Un started |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 212 | 211 | 1 | 0 | 99.53 | 0.47 | 0.00 |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 212 | 183 | 27 | 2 | 86.32 | 12.74 | 0.94 |
| 3 | PIPELINE | KM | 1611.84 | 1435.80 | 0 | 176.04 | 89.08 | 0.00 | 10.92 |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 185 | 100 | 85 | 0 | 54.05 | 45.95 | 0.00 |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 78285 | 50576 | - | 27709 | 64.60 | - | 35.40 |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | Schemes | 176 | 121 | | | 68.75% | | |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 176 | 33 | | | 18.75% | | |
| | | | | | | | | | |
| 5 | Road Reinstatement | Village Wise | Total Dismantling qty- 434 Village | | Total Reinstatement Done- 277 Village | | - | | - |

➢ फर्म द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति में कोई सुधार नही किया जा रहा हैं हर महीने मात्र 2 से 3 ही शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण हो पा रहा है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि फर्म द्वारा तय समय–सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कर पाना सम्भव नही होगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आदेशित किया गया कि उचित मैन पावर लगाते हुए योजनाओं के समस्त कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

➢ कार्यदायी फर्म मेघा के PM द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 07.04.2028 को अधोहस्ताक्षरी को अस्वस्त: किया गया कि अगले बैठक में पूर्ण 10 योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित कर लिया जायेगा। कार्यदायी फर्म द्वारा मात्र 2 योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित किया गया है। जिस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिक प्रगति बढाने हेतु निर्देश दिया गया कार्यदायी फर्म मेघा के PM द्वारा बैठक में अधोहस्ताक्षरी को अस्वस्त: किया गया है कि अगले 1 माह के अन्दर 10 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य तथा 10 नग योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

2. **कार्यदायी फर्म (वी.एस.ए–एस.सी.एल, हैदराबाद)**

➢ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वी.एस.ए–एस.सी.एल, हैदराबाद को फेज–3 के अन्तर्गत कुल 525 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 163 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 163 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है।

➢ अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को सभी 160 परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध करा दिया गया है तथा फर्म द्वारा इन सभी पर ट्यूबवेल ड्रिलिंग का कार्य भी कर लिया गया है। अपितु फर्म द्वारा कतिपय कार्यस्थलों पर बीच–बीच में कार्य बंद किए जाने पर, पुनः भूमि विवाद उत्पन्न हो जा रहा है। अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि शेष परियोजनाओं पर भूमि विवाद अथवा अनुपलब्धता के कारण कार्य अनारंभ है। भूमि विवाद निस्तारण हेतु नियमित तौर पर संबंधित तहसील में संपर्क कर प्रयास किया जा रहा है।

➢ कम्पोनेंट–वार प्रगति समीक्षा में पाया गया कि पम्प हाउस एवं ओवरहेड टैंक की प्रगति अत्यंत कम है। 184 स्वीकृत पम्प हाउस के सापेक्ष 171 पूर्ण हैं। इसी प्रकार 163 स्वीकृत ओवरहेड टैंक के सापेक्ष अभी तक 81 का कार्य पूर्ण है, परंतु मात्र 28 टैंक से जलापूर्ति की जा रही है।

➢ फर्म द्वारा 65 परियोजनाओं पर जलापूर्ति प्रारंभ की गई। परंतु अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि स्थलीय निरीक्षण में अधिकतम परियोजनाओं पर नियमित जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत मिल रही है तथा ट्राइल/टेस्टिंग में होने वाले लीकेज के मरम्मत में विलम्ब किया जा रहा है, जिसकी शिकायतें IGRS / JJM Grievance Portal पर प्राप्त हो रही हैं।

➢ अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा समस्त जनपद के अधिशासी अभियंता एवं समस्त कार्यादायी एजेंसी की प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जा रही है। जिसमें धीमी प्रगति की वजह से वी.एस.ए–एस.सी.एल, हैदराबाद पर कुल 3 प्रतिशत Liquidated damages की पेनाल्टी लगाई गई है। परंतु इसके उपरांत भी कार्य गति में अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

➢ परियोजनाओं की कम्पोनेन्ट–वार प्रगति निम्नानुसार है–

| Sr.no | Component | UOM | Target | Progress | | | Progress % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed Total | Work in progress | Un started | Completed | Work in progress | Un started |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 184 | 182 | 0 | 2 | 98.91 | 0 | 1.09 |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 184 | 171 | 10 | 3 | 92.93 | 5.44 | 1.63 |
| 3 | PIPELINE | KM | 1726 | 1618 | 0 | 108.00 | 94.07 | 0 | 6.34 |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 163 | 77 | 81 | 5 | 47.24 | 49.69 | 3.07 |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 71541 | 71312 | - | 229 | 99.68 | - | 0.32 |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | Schemes | 163 | 65 | | | 39.88% | | |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 163 | 6 | | | 3.68% | | |
| | | | | | | | | | |
| 5 | Road Reinstatement | Village Wise | Total Dismantling qty- 408 Village | Total Reinstatement Done- 180 Village | | | - | | - |

➢ कार्यादायी फर्म– वी.एस.ए–एस.सी.एल, हैदराबाद की अत्यंत धीमी प्रगति एवं पर्याप्त मैनपावर नहीं होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म के पी०एम० को निर्देशित किया गया कि उचित मैनपावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करायें ।

➢ फर्म द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति में कोई सुधार नही किया जा रहा हैं हर महीने में मात्र 3 से 4 ही शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण हो पा रहा है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि फर्म द्वारा तय समय–सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कर पाना सम्भव नही होगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आदेशित किया गया कि उचित मैन पावर लगाते हुए योजनाओं के समस्त कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

➢ कार्यदायी फर्म एस०सी०एल० के PM द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 07.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी को अस्वस्त: किया गया कि अगले बैठक में पूर्ण 6 योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित कर लिया जायेगा। परन्तु कार्यदायी फर्म द्वारा किसी भी योजना को Operation and maintance में सम्मिलित किया गया है। जिस सम्बन्ध में अधोरत्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया कार्यदायी फर्म एस०सी०एल० के PM द्वारा बैठक में अधोहस्ताक्षरी को अस्वस्त: किया गया है कि अगले 1 माह के अन्दर 5 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य तथा 6 नग योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

3. <u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन–विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)</u>

- जल जीवन मिशन फेज–5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन– विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 1083 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 1083 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए 423 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है।
- 423 परियोजनाओं मे कुल 440 ट्यूबवेल का कार्य स्वीकृत है। जिसके सापेक्ष 403 ट्यूबवेल का कार्य कर लिया गया है। अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि शेष परियोजनाओं पर भूमि विवाद अथवा अनुपलब्धता के कारण कार्य अनारंभ है। भूमि विवाद निस्तारण हेतु नियमित तौर पर संबंधित तहसील में संपर्क कर प्रयास किया जा रहा है। निर्देशित किया गया कि भूमि प्रकरणों के निस्तारण के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा अगली बैठक में भूमि संबंधी विवाद निस्तारण का आश्वासन दिया गया।
- परियोजनाओं की कम्पोनेन्ट–वार प्रगति निम्नानुसार है–

| Sr.no | Component | UOM | Target | Progress | | | Progress % | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Completed Total | Work in progress | Un started | Completed | Work in progress | Un started |
| 1 | TUBEWELL | Nos. | 440 | 403 | 0 | 37 | 91.59 | 0 | 8.41 |
| 2 | PUMP HOUSE | Nos. | 440 | 254 | 160 | 26 | 57.73 | 36.36 | 5.91 |
| 3 | PIPELINE | KM | 4476 | 4283 | 0 | 193 | 96.51 | 0 | 3.49 |
| 4 | OVERHEAD TANK | Nos. | 423 | 82 | 204 | 137 | 19.39 | 48.23 | 32.39 |
| 5 | HOUSE CONNECTION | Nos. | 216272 | 70366 | - | 145906 | 32.54 | - | 67.46 |
| | | | | | | | | | |
| A | Direct water supply | Schemes | 423 | 80 | | | 18.91% | | |
| B | 100 % commissioning | Schemes | 423 | 15 | | | 3.55% | | |
| | | | | | | | | | |
| 5 | Road Reinstatement | Village Wise | Total Dismantling qty- 600 Village | | Total Reinstatement Done- 141 Village | | - | | - |

- अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा समस्त जनपद के अधिशासी अभियंता एवं समस्त कार्यादायी एजेंसी की प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जा रही है। जिसमें धीमी प्रगति की वजह से जैक्शन–विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर) पर कुल 6 प्रतिशत Liquidated damages की पेनाल्टी लगाई गई है। परंतु इसके उपरांत भी कार्य गति में अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।
- कार्यदायी फर्म जैक्शन के PM द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 07.06.2026 को अधोहस्ताक्षरी को अस्वस्त: किया गया कि अगले बैठक में पूर्ण 6 योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित कर लिया जायेगा। जिसके सापेक्ष कार्यदायी फर्म द्वारा 6 योजनाओं के सापेक्ष किसी भी योजना को Operation and maintance में सम्मिलित नही किया गया है। जिस सम्बन्ध में अधोस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया कार्यदायी फर्म जैक्शन के PM द्वारा बैठक में अधोहस्ताक्षरी को अस्वस्त: किया गया है कि अगले 1 माह के अन्दर 7 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य तथा 10 नग योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित कर लिया जायेगा।
- फर्म द्वारा 165 परियोजनाओं पर डायरेक्ट ट्यूबवेल से जलापूर्ति प्रारंभ की गई। परंतु अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि स्थलीय निरीक्षण में अधिकतम परियोजनाओं पर नियमित जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत मिल रही है तथा ट्राइल/टेस्टिंग में होने वाले लीकेज के मरम्मत में विलंब किया जा रहा है, जिसकी शिकायतें IGRS / JJM Grievance Portal पर प्राप्त हो रही हैं।
- कार्यदायी फर्म जैक्शन–विश्वराज के पी0एम0 द्वारा बताया गया कि 21 परियोजनाओं पर भूमि विवाद के कारण कार्य शुरू नही हो पाया, की बात कही गई। जिसपर अधोहस्ताक्षरी ने अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर को सूची उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया है।

- फर्म द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति में कोई सुधार नही किया जा रहा हैं हर महीने में मात्र 2 से 3 ही शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण हो पा रहा है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि फर्म द्वारा तय समय–सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कर पाना सम्भव नही होगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा आदेशित किया गया कि उचित मैन पावर लगाते हुए योजनाओं के समस्त कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा 07.04.2026 को सम्पन्न बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर–घर नल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी गयी सड़कों को अतिशीघ्र ठीक कराने हेतु सम्बन्धित फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर को आदेशित किया गया है। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सिद्धार्थनगर द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रत्येक सप्ताह हर मंगलवार को प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की जाती है, जिसमें महोदय द्वारा आदेशित किया गया है कि जिन योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है उन योजनाओं को शीघ्र ही पूर्ण करते हुए Operation and maintance में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें, जिस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा तीनों एजेन्सियों को आदेशित किया गया है कि पूर्ण की गयी शिरोपरि जलाशय के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति के योजनाओं का सतप्रतिशत कार्य पूर्ण कराते हुए योजनाओं को Operation and maintance में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें एवं अधोहस्ताक्षरी सम्बन्धित एजेन्सी को यह भी आदेशित किया गया है कि जो 54 योजनाएं Operation and maintance में सम्मिलित की गयी है उन योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। समस्त फर्मो को यह भी आदेशित किया गया कि शिरोपरि जलाशय के कार्यों में किसी भी प्रकार की सिथिलता न बरतें, प्राप्त एन0सी0 के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल निगम के समस्त सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं टी0पी0आई0 को आदेशित किया गया कि सम्बन्धित फर्मो से समन्वय स्थापित करते हुए अपने से सम्बन्धित एन0सी0 को समयान्तर्गत निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

(शिवशरणप्पा जी0एन0)
जिलाधिकारी

## कार्यालय जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर।

दिनांक– 23-5-2026

पत्रांक– 480 / ...-15 / 46

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ ।
2. मंडलायुक्त, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ ।
3. मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर।
4. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), सिद्धार्थनगर।
5. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि० ।
6. पी०एम०, वी0एस0ए0 एस0सी0एल0 (जे0वी0) ।
7. पी०एम०, जैक्सन–विश्वराज (जे०वी०)।
8. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, सिद्धार्थनगर।

जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर।